News Letter
# मुक्त चिन्तन
उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
मुक्त चिन्तन 26 मई 2025

## महापौर ने मुक्त विश्वविद्यालय में बांटे टैबलेट



उ.प्र. शासन द्वारा प्रदेश के विश्वविद्यालयों में अध्यनरत शिक्षार्थियों के बेहतर एवं स्वर्णिम पठन–पाठन हेतु चलाई जा रही लोकप्रिय स्वामी विवेकानन्द योजना के अन्तर्गत उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के यमुना केन्द्र, मुख्य परिसर अध्ययन केन्द्र के शिक्षार्थियों को क्षेत्रीय केन्द्र के तत्वाधान में दिनांक 26 मई, 2025 को टैबलेट वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयागराज के महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी एवं कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने शिक्षार्थियों को टैबलेट वितरित किए।

उक्त कार्यक्रम में उ.प्र. शासन के उच्च शिक्षा विभाग की तरफ से उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर अध्ययन केन्द्र के विभिन्न परास्नातक कार्यक्रमों के कुल 483 शिक्षार्थियों का चयन किया गया एवं उन सभी को एसर कम्पनी का टैबलेट प्रदान किये जाने की सूची डिजीशक्ति पोर्टल के माध्यम से दी गई। समारोह में आर ए एफ के कमांडेंट श्री मनोज कुमार गौतम, श्री बृजेश सिंह, आफरिन शकील, अंशिका खरे, अमित कुमार, मो आमान, विकास यादव, पंकज सिंह, महफूज हसन, शालिनी साहू आदि छात्र–छात्राओं को टैबलेट प्राप्त हुआ। प्रारंभ में अतिथियों का वाचिक स्वागत एवं कार्यक्रम की जानकारी प्रोफेसर संजय कुमार सिंह ने दी। इस अवसर पर क्षेत्रीय केन्द्र, प्रयागराज के क्षेत्रीय निदेशक व टैबलेट वितरण के नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ शिवेन्द्र प्रताप सिंह, अमित कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ त्रिविक्रम तिवारी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया।




*मंचासीन माननीय अतिथिगण*




*कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ त्रिविक्रम तिवारी*





*दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए माननीय अतिथिगण*



*विश्वविद्यालय कुलगीत प्रस्तुत करते हुए श्री अनुराग शुक्ला*






वचिक स्वागत एवं अतिथि परिचय देते हुए प्रो0 संजय कुमार सिंह







माननीय महापौर श्री उमेशचन्द्र गणेश केसावानी जी को अंगवस्त्र एवं पौधा भेंट कर उनका सम्मान करते हुए माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी



माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी को अंगवस्त्र एवं पौधा भेंट कर उनका सम्मान करते हुए डॉ0 अभिषेक सिंह



आरएएफ कमान्डेन्ट
श्री मनोज कुमार गौतम जी
को अंगवस्त्र एवं पौधा भेंट कर
उनका सम्मान करते हुए
श्री अमित कुमार सिंह

कुलसचिव
कर्नल विनय कुमार जी
को अंगवस्त्र एवं पौधा भेंट कर
उनका सम्मान करते हुए
श्री शिवेन्द्र प्रताप सिंह



# डिजिटल क्रांति की तरफ बढ़ रहे मुख्य विश्वविद्यालय के छात्र– गणेश केसरवानी






कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयागराज के महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी एवं कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने शिक्षार्थियों को टैबलेट वितरित किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर श्री गणेश केसरवानी ने कहा कि सरकार की टैबलेट योजना का लाभ मुक्त विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं को मिल रहा है, जिससे वो डिजिटल क्रान्ति की तरफ बढ रहे है। इस योजना के तहत मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षार्थी टैबलेट से शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। जो उनके कैरियर में सहायता प्रदान करेगा ।




















*समारोह में आर ए एफ के कमांडेंट श्री मनोज कुमार गौतम, श्री बृजेश सिंह, आफरिन शकील, अंशिका खरे, अमित कुमार, मो आमान, विकास यादव, पंकज सिंह, महफूज हसन, शालिनी साहू आदि छात्र–छात्राओं को टैबलेट विरित करते हुए माननीय अतिथिगण*


# आर ए एफ के कमांडेंट से प्रेरणा लें शिक्षार्थी– कुलपति





विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य सत्यकाम ने शासन की मन्शा के अनुरूप स्वामी विवेकानन्द योजना के अन्तर्गत टैबलेट वितरण में मुक्त विश्वविद्यालय के छात्रों को योजना का लाभ मिलने पर शुभकामनाएं दी। उन्होने छात्र–छात्राओं से सीधे संवाद करते हुए उनके अनुभवों को जाना। उन्होंने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय के लोकप्रिय कार्यक्रमों में प्रवेश लेकर किसी भी आयु के लोग अपने ज्ञान में अभिवृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के एम बी ए के शिक्षार्थी रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडेंट श्री मनोज कुमार गौतम को टैबलेट के साथ ही शुभकामनाएं देते हुए उनसे प्रेरणा लेने के लिए शिक्षार्थियों को प्रोत्साहित किया।





*धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कुलसचिव कर्नल विनय कुमार*






राष्ट्रगान